## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

# एल. टी. ग्रेड

# भर्ती परीक्षा

# भूगोल

# सॉल्वड पेपर

## एवं

# प्रैक्टिस बुक

## व्याख्या सहित हल


**प्रधान सम्पादक**

ए. के. महाजन

**सम्पादन एवं संकलन**

एल.टी. परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctfastbooks.com/www.yctbooks.com/www.yctbooksprime.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# विषय-सूची


■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एल.टी. ग्रेड-परीक्षा, 2018 भूगोल व्याख्या सहित हल ........................................3-10
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-1 व्याख्या सहित हल ........................................11-18
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-2 व्याख्या सहित हल ........................................19-27
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-3 व्याख्या सहित हल ........................................28-36
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-4 व्याख्या सहित हल ........................................37-44
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-5 व्याख्या सहित हल ........................................45-52
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-6 व्याख्या सहित हल ........................................53-60
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-7 व्याख्या सहित हल ........................................61-69
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-8 व्याख्या सहित हल ........................................70-77
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-9 व्याख्या सहित हल ........................................78-85
■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (LT Grade) भूगोल प्रैक्टिस सेट-10 व्याख्या सहित हल ......................................86-92


# एल.टी. ग्रेड (L.T.) पाठ्यक्रम–भूगोल

## परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

परीक्षा हेतु 150 वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्न-पत्र होगा जिसका प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। उक्त प्रश्न-पत्र निम्नलिखित 02 भागों में विभक्त होगा

प्रथम भाग (1)– सामान्य ज्ञान – **30** प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकारक) द्वितीय भाग (2)–मुख्य विषय – **120** प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकारक)

कुल प्रश्नों की संख्या – **150** परीक्षा अवधि (समय) – **2 घंटे** (120 मिनट) पूर्णांक–**150**

**नोट :** सहायक अध्यापक, सामाजिक विज्ञान (पुरुष/महिला शाखा) पद हेतु मुख्य विषय में चार (4) खण्ड होंगे, जिसमें भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र तथा नागरिक शास्त्र विषय सम्मिलित होंगे एवं प्रत्येक खण्ड में 60 प्रश्न होंगे। अभ्यर्थियों को उक्त चार खण्डों में से किन्हीं दो (2) खण्डों का चयन करके उत्तर देना होगा।

## पाठ्यक्रम

**1. भूगोल–** अर्थ एवं विषय क्षेत्र।

**2. भौतिक भूगोल–** सौर मण्डल– परिचय, पृथ्वी की उत्पत्ति-कांट, लाप्लास जेम्स एवं जीन्स का सिद्धान्त, पृथ्वी का परिभ्रमण, चक्रमण एवं झुकाव और उसका प्रभाव, सूर्य ग्रहण और चन्द्र ग्रहण, अक्षांश एवं देशान्तर, भौगोलिक संदर्भ प्रणाली एवं ज्योग्राफिक पोजीशनिंग सिस्टम, प्रधान मध्यान्ह रेखा, अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा और समय।

**3. स्थल मण्डल–** पृथ्वी की आंतरिक संरचना– सिफाल सीमा एवं नीफे, चट्टानों के प्रकार और उनकी विशेषताएं, ज्वालामुखी क्रिया, ज्वालामुखी और उनका विश्व वितरण, भूकम्प उत्पत्ति एवं विवरण, महाद्वीपों एवं महासागरों का वितरण– चतुष्फलक सिद्धान्त (लेथियन ग्रीन) और महाद्वीपीय विस्थापन का सिद्धान्त (अल्फ्रेड, वेगनर), पवर्ततों का वर्गीकरण और पर्वत निर्माण– कोबर का सिद्धान्त और प्लेट टेक्टानिक, पठार-विशेषताएँ एवं वर्गीकरण, मैदान– उत्पत्ति एवं वर्गीकरण, अपक्षय और अपरदन, डेविस की अपरदन चक्र की संकल्पना एवं नवोन्मेश, नदी वायु एवं हिमनद के कार्य और उत्पन्न स्थलाकृतियाँ।

**4. वायुमण्डल–** वायुमण्डल का संघटन एवं संरचना, सूर्यताप और उसके वितरण को प्रभावित करने वाले कारक, तापमान का क्षैतिज एवं ऊर्ध्वाधर वितरण, वायुदाब, वायुदाब पेटियाँ और ग्रहीय पवनें, मानसून-वितरण एवं उत्पत्ति, वर्षण के स्वरूप और वर्षा के प्रकार, विषय के जलवायविक प्रदेश – थार्नथ्वेट और ट्रिवार्था।

**5. जलमण्डल–** महासागरीय नितल का उच्चावच, महासागरीय जल का तापमान और लवणता, महासागरीय जल धारायें-उत्पत्ति एवं उनका प्रभाव, ज्वार भाटा–प्रकार और उनकी उत्पत्ति न्यूटन और हेवेल का सिद्धान्त।

**6. जैवमंडल–**अर्थ एवं संकल्पना, परिस्थितिकी तंत्र की संकल्पना, परिस्थितिकी तंत्र के रूप में जैव मण्डल, जैव अनुक्रम–प्राथमिक एवं द्वितीयक, विश्व के प्रमुख जीवोम (बायोम)।

**7. मानव भूगोल–**अर्थ एवं विषय क्षेत्र, हंटिंग्टन और ब्रूंश मानव, पर्यावरण अन्तःसम्बन्ध–निश्चयवाद, सम्भववाद और रूको एवं जाओ निश्चयवाद, जनसंख्या–वृद्धि और विश्व वितरण, जनांकिकीय संक्रमण, मानव प्रजातियाँ–वितरण, विशिष्ट लक्षण और काकेशायड एवं मंगोलायड प्रजाति का वितरण, बुशमैन, एस्कीमो, खिरगिज, गद्दी, थारू और ब्रोण्ड का निवास क्षेत्र, आर्थिक गतिविधियाँ एवं समाज।

**8. मानव अधिवास–**मानव अधिवास का अर्थ और उसके आधारभूत तत्व, अधिवास के प्रकार एवं प्रतिरूप, ग्रामीण एवं नगरीय अधिवास में अन्तर, भारत में नगरों का वर्ग-विभाजन, विकसित और विकासशील देशों में नगरीकरण, विश्व के वृहद नगर (मेगासिटी)।

**9. आर्थिक भूगोल–**आर्थिक भूगोल का अर्थ और विषय क्षेत्र, प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक एवं चतुर्थक उत्पादन, चावल, गेहूँ, गन्ना, चाय, कहवा और रबर का उत्पादन और विश्व वितरण, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन–कोयला, पेट्रोलियम, लौह अयस्क, बॉक्साइट और गैर परम्परागत ऊर्जा संसाधन, उद्योगों के स्थानीयकरण के कारक– लौह–इस्पात, सूती, वस्त्र उद्योग, एल्युमिनियम और तेल शोधन, औद्योगिक प्रदेश का सीमांकन और संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के औद्योगिक प्रदेश, विश्व के प्रमुख व्यापार मार्ग एवं पत्तन।

**10. भारत का भूगोल–**स्थितिक, विस्तार और अंतर्राष्ट्रीय सीमायें, हिन्द महासागर का आर्थिक और कामरिक महत्व, धरातलीय स्वरूप और अपवाह, वर्षा और इसका वितरण, वनस्पति, जलवायविक प्रदेश–कोपेन ट्रिवार्था एवं आर. एल. सिंह वन संसाधन और निर्वनीकरण।

**कृषि–**उत्पादन, प्रगति और समस्यायें, कृषि में हरित, नीली, श्वेत, पीली और गोल क्रांति गेहूँ, चावल, गन्ना, चाय का उत्पादन और वितरण, कृषि प्रदेश–ओ. स्लाम्पा और बी.एल.सी. जान्सन, खनिज एवं ऊर्जा संसाधन– लौह अयस्क, कोयला और पेट्रोलियम का उत्पादन, वितरण एवं उपयोग, ऊर्जा संकट और गैर-परम्परागत ऊर्जा के स्रोत, लौह–इस्पात, सूती वस्त्र और सीमेंट उद्योग की अवस्थिति एवं वितरण, पी.पी. करन द्वारा प्रस्तुत भारत–औद्योगिक प्रदेश, जनसंख्या–वृद्धि एवं वितरण, भारत की जनसंख्या नीति, नगरीकरण, रेल एवं सड़क परिवहन, विदेशी व्यापार, वृहत नगर (मेगासिटी) और प्रमुख बन्दरगाह।

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग LT ग्रेड परीक्षा, 2018

# भूगोल

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**(परीक्षा तिथि : 29 जुलाई, 2018)**

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **संकल्पना/सिद्धान्त** | **विद्वान** |
|---|---|
| (A) केन्द्र स्थल सिद्धान्त | (i) क्रिस्टॉलर |
| (B) औद्योगिक अवस्थापना सिद्धान्त | (ii) वेबर |
| (C) कृषि अवस्थापना सिद्धान्त | (iii) वॉन थ्यूनेन |
| (D) खुदरा गुरुत्वाकर्षण नियम | (iv) बी.जे.एल. बेरी |

**Ans : (d)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **संकल्पना/सिद्धांत** | **विद्वान** |
|---|---|
| केन्द्र स्थल सिद्धांत | क्रिस्टॉलर |
| औद्योगिक अवस्थापना सिद्धांत | वेबर |
| कृषि अवस्थापना सिद्धांत | वान थ्यूनेन |
| खुदरा गुरूत्वाकर्षण नियम | रैली |

**2. यदि एक अधिवासों के समूह का निकटस्थ पड़ोसी अनुपात 1.74 है, तो वितरण का प्रतिरूप होगा**

(a) समरूप (b) लगभग समरूप
(c) अनिश्चित (d) लगभग केन्द्रित

**Ans : (b)** जब किसी अधिवास के समूह का निकटतम पड़ोसी अनुपात 1.74 है, तो उससे बनने वाला प्रतिरूप लगभग समरूप होता है तथा R का मान 2 से अधिक हो, तो समरूपीय (Uniform) प्रतिरूप पायी जयेगी।

**3. जनांकिकी संक्रमण सिद्धान्त की निम्नलिखित अवस्थाओं में से कौन-सी अल्प विकास की अवस्था को प्रदर्शित करती है**

(a) प्रारम्भिक विस्तार अवस्था (b) उत्तर विस्तार अवस्था
(c) निम्न स्थायी अवस्था (d) उच्च स्थायी अवस्था

**Ans : (a)** जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की प्रारम्भिक विस्तार अवस्था को अल्प विकास की अवस्था के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। जन्मदर तथा मृत्युदर के पारस्परिक परिवर्तनशील सम्बन्धों से उत्पन्न प्रतिरूपों के अनुसार जनांकिकीय संक्रमण की पाँच अवस्थाएँ अपेक्षाकृत, अधिक स्पष्ट और मान्य है जो इस प्रकार है–

(i) उच्च स्थाई अवस्था जिसमें जन्मदर और मृत्युदर दोनों उच्च होती है।
(ii) प्रारम्भिक वर्द्धमान अवस्था जिसमें जन्मदर उच्च रहती है किन्तु मृत्युदर में ह्रास होता है।
(iii) उच्च वर्द्धमान अवस्था जिसमें जन्मदर और मृत्युदर में ह्रास होता है और मृत्युदर निम्न स्तर पर होती है।
(iv) निम्न स्थाई अवस्था जिसमें जन्मदर और मृत्युदर दोनों निम्न स्तर पर हो जाती है।
(v) ऋणात्मक जनसंख्या अवस्था इसमें जन्मदर मृत्युदर से कम हो जाती है

**4. निम्नलिखित में से दक्षिण-पश्चिम एशिया का कौन-सा देश 2017 में सबसे घना बसा है?**

(a) ईरान (b) इराक
(c) संयुक्त अरब अमीरात (d) सीरिया

**Ans : (c)** प्रश्नगत दिये गये देशों में दक्षिण-पश्चिम एशिया का सबसे घना बसा देश संयुक्त अरब अमीरात है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रशांत सांस्कृतिक परिमण्डल से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) पॉलीनेशिया (b) माइक्रोनेशिया
(c) मेलानेशिया (d) मलय परिमण्डल

**Ans : (d)** मलय परिमण्डल प्रशांत सांस्कृतिक परिमण्डल से सम्बन्धित नहीं है। यह परिमण्डल दक्षिण-पूर्व परिमण्डल एशियाई सांस्कृतिक परिमण्डल के नाम से जाना जाता है। प्रशान्त महासागर के पश्चिमी क्षेत्र में अनेक द्वीप अवस्थित हैं जिन्हें तीन प्रमुख समूहों में बाँटा गया है जो निम्नलिखित है-

**1. मेलानेशिया (Melanesia)**
(a) पापुआ न्यूगिनी/Papua New Guinea
(b) फिजी द्वीप समूह/Fiji Island
(c) सोलोमन द्वीप समूह/Saloman
(d) वानुआत द्वीप/Vanuatu Island

**2. पोलीनेशिया (Polynesia)**
(a) टुवालु द्वीप/Tuvalu Island
(b) किरिबाटी द्वीप/Kiribati Island
(c) कुक द्वीप/Cook Island
(d) हवाई द्वीप समूह/Hawai Island

**3. माइक्रोनेशिया (Micronesia)**
(a) उत्तरी मारियाना द्वीप समूह/Northern Mariana Islands
(b) कोरोलाइन द्वीप समूह/Coroline Islands
(c) गिल्बर्ट द्वीप समूह/Gilbert Island
(d) मार्शल द्वीप समूह/Marshal Islands

**6. निम्न में से किस जनजाति की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के तराई प्रदेश में हुई है?**

(a) गोंड (b) नागा
(c) टोडा (d) थारू

**Ans : (d)** थारू जनजाति उत्तर प्रदेश के तराई प्रदेश में स्थित हैं।
- थारू सुअर और मुर्गी पालन के साथ-साथ कृषि भी करते हैं।
- मदिरा थारुओं का पेय पदार्थ है। जाड नामक चावल की मदिरा प्रमुख हैं।
- हिन्दू धर्म को मानते है और हिन्दुओं के लगभग सभी त्योहारों को भी मानते हैं।

**7. भारत के निम्न में से किस केन्द्रशासित प्रदेश ने 2011 में सर्वाधिक साक्षरता दर्ज की है?**

(a) लक्षद्वीप (b) दमन एवं दीव
(c) चण्डीगढ़ (d) पुदुचेरी

**Ans : (a)** सर्वाधिक साक्षरता प्रतिशत वाले केन्द्र शासित प्रदेश इस प्रकार हैं–

लक्षद्वीप - 91.8 %
दमन एवं दीव - 87.1%
अण्डमान निकोबार द्वीप समूह - 86.6 %
पुडुचेरी- 85.8%

**8. कुल जनसंख्या तथा कुल कृषि-क्षेत्र के अनुपात को कहते है।**

(a) गणितीय घनत्व (b) कृषि घनत्व
(c) आर्थिक घनत्व (d) कायिक घनत्व

**Ans : (d)** किसी प्रदेश की कुल जनसंख्या तथा कुल कृषि-क्षेत्र के अनुपात को कायिक घनत्व कहते हैं। प्रदेश की प्रति इकाई कृषि भूमि पर औसतन कितने मनुष्यों का भार है मानव निवास के लिए अनुपयुक्त भूमियों को कुल क्षेत्रफल से निकाल देने के परिणामस्वरूप कायिक घनत्व प्राप्त होता है।


$$\text{कायिक घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल कृषि क्षेत्र (कुल योग्य भूमि)}}$$

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़ा नहीं है?**

(a) बेलगाम (b) सूरत
(c) गुण्टूर (d) नागपुर

**GIC LT 2018**

**Ans : (d)** भारत की स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई एवं कोलकाता को आपस में जोड़ती है, जिसकी कुल लम्बाई 5846 किमी. है। सूरत, अहमदाबाद, जयपुर, पुणे, हुबली, बेलगाँव (बेलगाम), बेंगलुरू, गुंटूर, नेल्लौर, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, बेल्लूर, कांचीपुरम्, भुवनेश्वर, वाराणसी, कानपुर, आगरा इस परियोजना से जुड़े हुये शहर हैं।




जबकि नागपुर इस परियोजना से नहीं जुड़ा है।

यह परियोजना भारत की सबसे बड़ी राजमार्ग परियोजना है। यह परियोजना 2001 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा शुरू की गयी थी।

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश - आपातानी
(b) कश्मीर - हांजी
(c) नागालैण्ड - हो
(d) मेघालय - खासी

**Ans : (c)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **राज्य** | **प्रमुख जनजाति** |
|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | आपातानी (अपातानी) |
| कश्मीर | हांजी |
| नागालैण्ड | नागा, कोन्यक |
| मेघालय | खासी |

**नोट-** 'हो', संथाल, मुण्डा जनजाति झारखण्ड राज्य की प्रमुख जनजाति है, यह जनजाति नागालैण्ड में नहीं पायी जाती है। अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

**11. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन अधिकतम है?**

(a) महाराष्ट्र (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) उत्तर प्रदेश

**GIC LT 2018**

**Ans : (c)** वर्ष 2020-21 के चतुर्थ अग्रिम अनुमान के अनुसार, तमिलनाडु में गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन अधिकतम है। गन्ना उत्पादन में प्रमुख स्थान उत्तर प्रदेश का है। विश्व लगभग एक तिहाई गन्ने का उत्पादन भारत में होता है।

| **राज्य** | **उत्पादकता ( किग्रा/हेक्टेयर )** |
|---|---|
| (1) तमिलनाडु | 102730 |
| (2) कर्नाटक | 95000 |
| (3) महाराष्ट्र | 88900 |
| (4) उत्तर प्रदेश | 81500 |

**12. निम्नलिखित परमाणु शक्ति संयंत्रों में से किसकी क्षमता सर्वाधिक है?**

(a) कैगा (b) कलपक्कम
(c) काकरापारा (d) कुडनकुलम

**Ans : (d)**

| **परमाणु संयंत्र** | **राज्य** | **कुल क्षमता ( मेगावाट )** |
|---|---|---|
| कैगा | कर्नाटक | 880 |
| कलपक्कम | तमिलनाडु | 440 |
| काकरापारा | गुजरात | 440 |
| कुडनकुलम | तमिलनाडु | 2000 |

**13. भारत में जिप्सम उत्पादन में निम्नलिखित में से किस राज्य का एकाधिकार है?**

(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) जम्मू एवं कश्मीर (d) मध्य प्रदेश

**Ans : (b)** जिप्सम उत्पादन में राजस्थान राज्य का एकाधिकार है।

- जिप्सम के उत्पादन में राजस्थान,उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, गुजरात, तमिलनाडु एवं जम्मू कश्मीर प्रमुख हैं। राजस्थान अग्रणी उत्पादक है।
- राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला जिप्सम प्रमुख उत्पादक जिला है।

**14. नाथुला दर्रा अवस्थित है**

(a) सिक्किम में (b) असोम में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) जम्मू एवं कश्मीर में

**Ans : (a) नाथूला दर्रा**- भारत-चीन युद्ध में सामरिक महत्व के कारण चर्चित यह दर्रा सिक्किम राज्य में डोगेक्या श्रेणी में स्थित है। 1962 से बन्द पड़े इस भारत-चीन मार्ग को 2006 में पुनः व्यापार के लिए खोला गया। यह दार्जिलिंग तथा चुम्बी घाटी से होकर तिब्बत जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। चुम्बी नदी इसी दर्रे से बहती है।

- सिक्किम राज्य में जेलेप्ला दर्रा भी स्थित हैं
- जम्मू कश्मीर राज्य में चांग ला, काराकोरम दर्रा, बुर्जिल दर्रा तथा पीरपंजाल दर्रा अवस्थित है।

**15. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के ग्रामीण एवं नगरीय लिंग अनुपात का सही युग्म प्रस्तुत करता है ?**

| | ग्रामीण लिंग अनुपात | नगरीय लिंग अनुपात |
|---|---|---|
| (a) | 943 | 922 |
| (b) | 947 | 924 |
| (c) | 944 | 923 |
| (d) | 949 | 929 |

**Ans : (d)** जनगणना 2011 के अन्तिम आँकड़ों के अनुसार देश में लिंगानुपात 943 है, जो 2001 से 10 अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात 949 तथा शहरी क्षत्रों में 929 है।

**16. अगस्थयामलाई जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(a) केरल (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) सिक्किम

**Ans : (a)** अगस्थयामलाई जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र भारत के केरल राज्य में स्थित है।

- अन्नामलाई पर्वत का सर्वोच्च शिखर अनाईमुडी है जिसकी ऊँचाई 2695 मीटर है, जो दक्षिण भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर है।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सी अवध मैदान की प्रमुख नदी है?**

(a) यमुना (b) घाघरा
(c) सोन (d) गंडक

**Ans : (b)** अवध मैदान की प्रमुख नदी घाघरा है।

- गंगा मैदान का विस्तार उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल राज्य में है।
- गंगा नदी के उत्तर में इस मैदान को दो भागों में विभाजित किया जाता है। पश्चिम का भाग रूहेलखण्ड का मैदान कहलाता है, जबकि पूर्व का भाग अवध के मैदान के नाम से जाना जाता है।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा हॉट स्पॉट पश्चिमी घाट में स्थित नहीं है?**

(a) अन्नामलाई पहाड़ियाँ (b) नीलगिरि पहाड़ियाँ
(c) सुन्दरवन (d) साइलेण्ट घाटी

**Ans : (c)** सुन्दरवन पश्चिमी घाट में स्थित नहीं है।

- हॉट-स्पॉट शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1988 में 'नॉरमन मायर्स' द्वारा किया गया। भारत के 4 हॉट-स्पॉट क्षेत्र हैं–
  1. पश्चिमी घाट 2. हिमालय क्षेत्र 3. इण्डो-बर्मा क्षेत्र
  4. सुण्डालैण्ड क्षेत्र (निकोबार द्वीप)

जबकि पश्चिमी घाट हॉट-स्पॉट क्षेत्र में अन्नामलाई पहाड़ियाँ, नीलगिरि पहाड़ियाँ एवं साइलेण्ट घाटी आदि क्षेत्र सम्मिलित हैं।

**19. निम्न में से किसने भारतीय वनों के वर्गीकरण की योजना प्रस्तुत की थी?**

(a) ओ. एच. के. स्पेट (b) एच. जी. चैम्पियन
(c) आर. एल. सिंह (d) मोहम्मद शफ़ी

**Ans : (b)** हैरी जॉर्ज चैम्पियन (एच.जी. चैम्पियन) ने भारतीय वनों के वर्गीकरण की योजना वर्ष 1936 ई. में प्रस्तुत की थी। यह वर्गीकरण पौधों की संरचना, आकृति और पादप स्वरूप पर आधारित होती है तथा वनों को 15 मुख्य वर्गों में विभाजित करके एवं 136 उपवर्गों में बाँटा गया है।

ISFR 2021 के अनुसार भारत में वनों एवं वृक्षों से आच्छादित कुल क्षेत्रफल 809537 वर्ग किमी. है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.62 प्रतिशत है।

**20. निम्नलिखित में से कौन-सी एक गर्म समुद्री धारा है?**

(a) ब्राज़ील धारा (b) कनारी धारा
(c) लैब्रोडोर धारा (d) बेंगुएला धारा

**Ans : (a)** ब्राजील धारा एक गर्म जलधारा है।

- दक्षिणी विषुवत रेखीय जलधारा ब्राजील के पूर्वी तट से टकराकर दक्षिण की ओर तट के सहारे बहती है तथा अन्त में पछुवा हवाओं के प्रभाव में आकर विलुप्त हो जाती है। इस गर्म जलधारा को ब्राजील की धारा कहते है।
- कनारी धारा, लैब्रोडोर धारा तथा बेंगुला धारा अटलांटिक महासागर की ठण्डी जलधारा है।

**21. सबसे चौड़े महाद्वीपीय मग्न-तट पाये जाते हैं**

(a) हिन्द महासागर में (b) अटलांटिक महासागर में
(c) प्रशान्त महासागर में (d) आर्कटिक महासागर में

**Ans : (d)** सबसे चौड़े महाद्वीपीय मग्नतट आर्कटिक महासागर में पाये जाते हैं। महाद्वीपों के किनारे का जो भाग महासागर के जल में डूबा रहता है और जिसका ढाल 1 डिग्री से 3 डिग्री तक एवं औसत गहरायी 100 फैदम (600 फीट) होती है, महाद्वीपीय मग्नतट कहलाता है।

- सबसे अधिक चौड़ा मग्नतट साइबेरिया के किनारे के साथ-साथ उत्तरी ध्रुव सागर में पाया जाता है।

**22. निम्नलिखित में से किस झील की लवणता सर्वाधिक है?**

(a) टिटिकाका (b) वान
(c) विक्टोरिया (d) बालकश

**Ans : (b)** संसार में सबसे अधिक लवणता तुर्की की वान ($330^0/_{00}$) पाई जाती है। उसके बाद मृत सागर में $238^0/_{00}$ तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की ऊटाह प्रान्त की ग्रेट साल्ट लेक में $220^0/_{00}$ तक लवणता पाई जाती है।

- लाल सागर में तीव्र वाष्पीकरण तथा नदियों का ताजा जल न मिलने के कारण अधिक लवणता पाई जाती है।
- टिटिकाका झील दक्षिण अमेरिका में स्थित पेरू तथा बोलिविया की सीमा पर अवस्थित विश्व की सबसे ऊँची नौगम्य झील है।

**23. निम्नलिखित में से कौन-सी धारा उत्तरी गोलार्द्ध में दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित होती है?**

(a) कैलीफोर्निया धारा (b) क्यूरोशियो धारा
(c) क्यूराइल धारा (d) अलास्का धारा

**Ans : (b)** प्रशान्त महासागर में अवस्थित क्यूरोशियो धारा उत्तरी गोलार्द्ध में दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित होती है उत्तरी विषुवत रेखीय जलधारा की एक शाखा उत्तर की ओर मुड़कर जापान के पूर्वी तट के सहारे बहती हुई होकैडो द्वीप के उत्तरी भाग तक जाती है इस धारा को क्यूरोशियो गर्म जलधारा कहते है।

- उत्तरी ध्रुवीय प्रदेश से चलकर एक ठण्डी जलधारा बेरिंग जलसन्धि से होकर होकैड़ो द्वीप तक पहुँचती हैं इस जलधारा को आयोशियो या क्यूराइल ठण्डी जलधारा कहते है।

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा निक्षेप महासागरों में सर्वाधिक गहराई वाले भाग में पाया जाता है?**

(a) लाल मृत्तिका (b) डायटम पंक
(c) लाल पंक (d) हरा पंक

**Ans : (a)** लाल मृत्तिका महासागरों में 2700 फैदम से अधिक गहराई वाले भाग में पाया जाता है।

- लाल मृत्तिका में लौह ऑक्साइड तथा एल्युमीनियम अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसलिए इसका रंग लाल होता है। इस मिट्टी की उत्पत्ति ज्वालामुखी पदार्थ में विघटन से होती है। यह पदार्थ नदियों अथवा पवन द्वारा बहाकर सागरों में इकट्ठा किया जाता है। इस मृत्तिका के निर्माण में ज्वालामुखी के द्वारा निक्षेप के अंश तथा लोहा, सिलीकेट और एल्युमीनियम 85.35%, कैल्सियम 6.7% और सिलिका 2.3% पाया जाता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन सी दक्षिणी अटलांटिक महासागर की ठंडी धारा है?**

(a) बेंगुएला धारा (b) अगुलहास धारा
(c) ब्राज़ील धारा (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (a)** बेंगुला धारा दक्षिणी अटलांण्टिक महासागर की ठण्डी धारा है जो दक्षिण अफ्रीका के पश्चिम तट के सहारे उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है। दक्षिणी अटलांटिक धारा अफ्रीका के दक्षिणी सिरे से टकराने के बाद उत्तर की ओर मुड़ जाती है तथा आगे चलकर यह धारा दक्षिणी विषुवत धारा में विलिन हो जाती है।

**26. पेलाजिक जमाव के पदार्थ प्राप्त होते हैं**

(a) ज्वालामुखी पदार्थों से (b) शैवाल से
(c) चट्टानों के रूपान्तरण से (d) रासायनिक अपक्षरण से

**Ans : (b)** पेलैजिक निक्षेप के अन्तर्गत गहरे सागर में उपस्थित शैवाल के अवशेषों को सम्मिलित किया जाता है जो पंक (Mud) के रूप में पाये जाते है। इन्हे ऊज कहा जाता है। चूना तथा सिलिका की मात्रा के आधार पर इन्हें दो भागों में बाँटा जाता है-

(i) चूना प्रधान ऊज
(ii) सिलिका प्रधान ऊज

**27. किस ग्रह का कोई उपग्रह नहीं है?**

(a) मंगल (b) अरूण
(c) शुक्र (d) वरुण

**Ans : (c)** शुक्र ग्रह का कोई उपग्रह नहीं है।

- शुक्र पृथ्वी का सर्वाधिक निकटतम ग्रह है जिसकी दूरी पृथ्वी से 4.0 करोड़ किमी है। यह सबसे चमकीला एवं गर्म ग्रह है। इसे साँझ का तारा या भोर का तारा कहा जाता है। यह अन्य ग्रहों के विपरीत अपने अक्ष पर विपरीत दिशा में अर्थात पूरब से पश्चिम यानी घड़ी की सूई के अनुरूप घूर्णन करता है। इसे पृथ्वी का भगिनी ग्रह कहते है। यह घनत्व आकार एवं व्यास में पृथ्वी के समान है।

**28. फिलामेन्ट शब्द का प्रयोग किया गया है**

(a) ग्रहाणु परिकल्पना में
(b) ज्वारीय परिकल्पना में
(c) सुपरनोवा परिकल्पना में
(d) अन्तरातारकीय धूल परिकल्पना में

**Ans : (b)** फिलामेन्ट शब्द का प्रयोग ज्वारीय परिकल्पना के अन्तर्गत किया जाता है।

- ज्वारीय परिकल्पना का प्रतिपादन ब्रिटिश विद्वान सर जेम्स जीन्स ने सन् 1919 में किया था तथा जेफरी नामक विद्वान ने इस परिकल्पना में सन् 1929 में संशोधन प्रस्तुत किया।

**29. तारों की निस्सृत गैस एवं धूल के राशि के पिण्ड को कहते है**

(a) फिलामेण्ट (b) नेब्यूला
(c) ग्रहाणु (d) द्वैतारक

**Ans : (b)** तारों की निस्सृत गैस एवं धूल के राशि पिण्ड को नेब्यूला कहते है।

**30. अन्तरतारकीय धूल परिकल्पना को प्रतिपादित किया था?**

(a) ओटोश्मिड (b) एफ. ह्योल ने
(c) रसेल ने (d) हैरोल्ड जेफ़रीज़ ने

**Ans : (a)** अन्तरतारकीय धूल परिकल्पना (अंतरतारक) के प्रतिपादक ओटोश्मिड ने 1943 ई. में किया था।

- इनकी विशेषता यह है कि इन्होंने ग्रहों की परिकल्पना गैस एवं धूल कणों से मानी है।
- इन्होंने माना कि ब्रह्माण्ड में आदिकाल से गैस एवं धूलकण फैले हुए थे जिनकी उत्पत्ति उल्काओं और तारों से मानी है।

**31. निम्न में से किसने कहा था कि स्थलाकृति संरचना, प्रक्रम एवं अवस्था का फल है?**

(a) डब्ल्यू. पेन्क (b) डब्ल्यू. एम. डेविस
(c) क्रिकमे (d) स्ट्रालर

**Ans : (b)** स्थलाकृति संरचना, प्रक्रम एवं अवस्था का फल है। डेविस के अनुसार, प्रत्येक स्थलरूप अपरदन के चक्रीय रूप का प्रतिफल है। इसे डेविस का त्रिकूट कहा जाता है।

- डेविस ने अपरदन चक्र को परिभाषा देते हुए स्पष्ट किया कि भौगोलिक चक्र समय की वह अवधि है जिसके अन्तर्गत एक उत्थित भूखण्ड अपरदन की क्रिया द्वारा एक आकृतिविहीन समतल मैदान में बदल जाता है।

**32. स्टोन लैटिस निम्नलिखित में से किसकी क्रिया द्वारा निर्मित होते है?**

(a) वायु (b) जल
(c) लहर (d) हिमानी प्रक्रम

**Ans : (a)** स्टोन लैटिस वायु क्रिया द्वारा निर्मित अपरदानात्मक स्थल रूप होते हैं।

मरुस्थलीय भागों में जब सशक्त पवन के सामने ऐसी चट्टाने पड़ी हो जिनकी संरचना विभिन्न स्वभाववाली चट्टानों से हुआ है अर्थात उनकी कठोरता में पर्याप्त भिन्नता हो, तो इस प्रकार पवन रेत कणों की सहयता से अपघर्षण द्वारा शैलों के कोमल भाग को अपरदन कर कठोर भाग को यथास्थिति छोड़ देता है, जिससे वह जाली नुमा आकृति की हो जाती है जिसे स्टोन लैटिस स्थलाकृति कहते हैं।

**33. निम्न में से किसने प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया।**

(a) हैरी हेस (b) हालम
(c) डब्ल्यू. जे. मॉर्गन (d) हट्र्जलर

**Ans : (a)**

- स्थलीय दृढ़ भूखण्ड को प्लेट कहते हैं तथा इन प्लेटों के प्रवाह एवं स्वभाव से सम्बन्धित अध्ययन को प्लेट विवर्तनिकी कहते हैं। प्लेट शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग कनाडा के भूगर्भशास्त्री टूजो विल्सन ने 1935 में किया तथा इस सिद्धान्त का प्रतिपादन का श्रेय हैरी हैस को जाता है।

**34. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी धनुषाकार डेल्टा बनाती है?**

(a) मिसीसिपी (b) गंगा
(c) नील (d) हड्सन

**Ans : (b, c)** चापाकार डेल्टा का आकार वृत्त के चाप या धनुष के समान होता है। इसी से उसे धन्वाकार डेल्टा भी कहा जाता हे। इसका विस्तार मध्य में सर्वाधिक होता है तथा दोनों किनारों की ओर यह कम होता जाता है जैसे– नील नदी का डेल्टा, राइन नदी का डेल्टा, गंगा का डेल्टा, इरावदी डेल्टा, सिंधु डेल्टा आदि है।

**35. निम्न में से किस भूआकृति का निर्माण हिमानी अपरदन से नहीं हुआ है?**

(a) सर्क (b) नूनाटक
(c) हॉर्न (d) ड्रमलिन

**Ans : (d)** ड्रमलिन का निर्माण हिमानी के निक्षेपण के परिणामस्वरूप होता है ये गोलाश्म मृत्तिका द्वारा निर्मित एक प्रकार के ढेर या टीले होते हैं जिनका आकार उल्टी नौका या कटे हुए उल्टे अण्डे के समान होता है ड्रमलिन का ढाल असमान होता है।

**36. शुष्क एवं अर्द्ध-शुष्क प्रदेशों में पेडीमेन्ट एवं प्लाया के मध्य निक्षेपजनित मन्द ढाल वाले मैदानों को कहते हैं**

(a) बज़ाडा (b) अर्ग
(c) रेग (d) सलिना

**Ans : (a)** शुष्क एवं अर्द्ध शुष्क प्रदेशों में पेडीमेण्ट एवं प्लाया के मध्य निक्षेपजनित मन्द ढाल वाले मैदान को बजाडा कहा जाता है। बजाडा का निर्माण पेडीमेण्ड के नीचे तथा प्लाया के किनारे पर जलोढ पंखो के मिलने से होता है।

**37. निम्नलिखित में से कौन-सी एक अपरदनात्मक स्थलाकृति नहीं है?**

(a) कार्स्ट विन्डो (b) डोलाइन्स
(c) लैपीज (d) स्टैलेग्माइट

**Ans : (d)** स्टैलेग्माइट कार्स्ट (भूमिगत जल) द्वारा निर्मित स्थलाकृति है जिसका निर्माण निक्षेपण के फलस्वरूप होता है। जबकि कार्स्ट विन्डो, लैपीज तथा डोलाइन्स ये तीनों अपरदनात्मक स्थलाकृति के द्वारा निर्मित होते हैं।

- जब चूना युक्त जल, गुफाओं की छत से टपक-टपक कर गिरता है तो गुफा की सतह पर इस चूनायुक्त जल से सम्पूर्ण नमी का वाष्पीकरण हो जाता है और स्तम्भ जैसी आकृति दिखाई पड़ती है जिसे स्टैलेग्माइट कहा जाता है।

**38. पवन के अपघर्षण कार्य द्वारा निम्नलिखित में से किस प्रकार की स्थलाकृति का निर्माण होता है?**

(a) जालीदार शिला (स्टोन लैटिस)
(b) बालूका स्तूप
(c) तरंग चिह्न
(d) लोयस

**Ans : (a)** पवन के अपघर्षण कार्य द्वारा जालीदार शिला का निर्माण होता है।

- **पवन के अपरदन द्वारा निर्मित स्थलाकृतियाँ–** वातगर्त, इन्सेलबर्ग, छत्रकशिला, भूस्तम्भ, ज्यूगेन, यारडंग, ड्राइकाण्टर, पुल तथा खिड़की इत्यादि।
- **पवन के निक्षेपण द्वारा निर्मित स्थलाकृतियाँ –** बालूका स्तूप, बरखान, लोयस मिट्टी, बालसन, प्लोया, बजादा, पेडीमेंट इत्यादि।

**39. निम्न में से कौन ध्रुवीय वाताग्र सिद्धान्त का प्रतिपादक है?**

(a) जे. ई. ओलीवर
(b) वी. बर्कनीज़ तथा जे. वर्कनीज़
(c) पी. आर. पिनेट
(d) इनमे से कोई नहीं

**Ans : (b)** ध्रुवीय वाताग्र सिद्धांत का प्रतिपादन नार्वे के दो ऋतुविज्ञानी वी. बर्कनीज तथा जे. बर्कनीज ने 1918 में शीतोष्ण चक्रवात की उत्पत्ति के सम्बंध में दिया। इस सिद्धांत को लहर सिद्धांत (Wave theory) के नाम से भी जाना जाता है।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा युग 'महान हिम युग' के लिए जाना जाता है।**

(a) इयोसीन (b) प्लीस्टोसीन
(c) प्लायोसीन (d) ओलिगोसीन

**Ans : (b)** महान हिम युग के लिए 'प्लीस्टोसीन युग' जाना जाता है। यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में हिमानीकरण की प्रक्रिया चार रूपों में हुई जिसे निम्न नामों से जाना जाता है।

| हिम युग | यूरोप | उत्तरी अमेरिका |
|---|---|---|
| पहला | गुंज | नेब्रास्कन |
| दूसरा | मिंडेल | कन्सान |
| तीसरा | रिस | इलिनोइन |
| चौथा | वुर्म | विस्कान्सिन |

**41. सूची -I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|
| (A) स्ट्रैबो | (i) एन्थ्रोपोज्योग्राफी |
| (B) वॉरेनियस | (ii) ज्योग्राफिया |
| (C) टॉलमी | (iii) ज्योग्राफिया जेनरलिस |
| (D) रेट्ज़ेल | (iv) ज्योग्राफी |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (b) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**Ans : (c)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| लेखक | पुस्तक |
|---|---|
| स्ट्रैबो | ज्योग्राफी |
| वॉरेनियस | ज्योग्राफिया जेनरलिस |
| टॉलमी | ज्योग्राफिया |
| रेटजेल | एन्थ्रोपोज्योग्राफी |

**42. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) चिन्तनफलन | (i) टी. एस. कुह्न |
| (B) सम्भववाद | (ii) वाइडल-डी-ला-ब्लाश |
| (C) अमलैण्ड | (iii) आन्द्रे एलिक्स |
| (D) मेगालोपोलिस | (iv) जीन गॉटमैन |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (c) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (d) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| विचारधारा | प्रतिपादक |
|---|---|
| चिन्तनफलन | टी. एस. कुह्न |
| सम्भववाद | वाइडल-डी-ला-ब्लाश |
| अमलैण्ड | आन्द्रे एलिक्स |
| मेगालोपोलिस | जीन गॉटमैन |

**43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) फिजिओग्राफी | (i) ई. सी. सेम्पुल |
| (B) इन्फ्लुएन्स ऑफ जियोग्राफिक इन्वायरमेन्ट | (ii) आर. डी. सलिसबरी |
| (C) सिविलाइजेशन एण्ड क्लाइमेट | (iii) एल्सवर्थ हंटिंग्टन |
| (D) द पायोनियर फ्रिन्ज | (iv) बोमैन |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (c) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (d) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| फिजिओग्राफी | आर.डी. सलिसबरी |
| इन्फ्लुएन्स ऑफ जियोग्राफी इन्वायरमेन्ट | ई. सी. सेम्पुल |
| सिविलाइजेशन एण्ड क्लाइमेट | एल्सवर्थ हंटिंग्टन |
| द पायोनियर फ्रिन्ज | बोमैन |

**44. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) क्षेत्र वर्णन/विवेचन की संकल्पना | (i) रिचथोफेन |
| (B) भूदृश्य की संकल्पना | (ii) कार्ल-ओ-सावर |
| (C) रिमलैण्ड की संकल्पना | (iii) स्पाइकमैन |
| (D) जैविक राज्य की संकल्पना | (iv) रैट्ज़ेल |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (c) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (d) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| संकल्पना | लेखक |
|---|---|
| क्षेत्र वर्णन/विवेचन की संकल्पना | रिचथोफेन |
| भूदृश्य की संकल्पना | कार्ल-ओ-सावर |
| रिमलैण्ड की संकल्पना | स्पाइकमैन |
| जैविक राज्य की संकल्पना | रैट्ज़ेल |

**45. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) प्रत्यक्षवादी भूगोल | (i) ऑगस्ट कॉम्टे |
| (B) आचारपरक भूगोल | (ii) विलियम किर्क |
| (C) मानववादी भूगोल | (iii) यी-फू-तुआन |
| (D) नवनियतिवाद | (iv) ग्रिफिथ टेलर |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (c) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (d) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| विचारधारा | | प्रतिपादक |
|---|---|---|
| प्रत्यक्षवादी भूगोल | – | ऑगस्ट काम्टे |
| आचारपरक भूगोल | – | विलियम किर्क |
| मानववादी भूगोल | – | यी-फू-तुआन |
| नवनियतिवाद भूगोल | – | ग्रिफिथ टेलर |

**46. निम्न में से किसने लिखा कि 'भूगोल' भूतल के परिवर्तनशील स्वरूप के यथार्थ, क्रमबद्ध तर्क-संगत वर्णन एवं व्याख्या से सम्बन्धित है?**

(a) कार्ल रिटर
(b) अलेक्जेण्डर वॉन हम्बोल्ड
(c) रिचथोफेन
(d) रिचर्ड हार्टशोर्न

**Ans : (d)** ''भूगोल' भूतल के परिवर्तनशील स्वरूप के यथार्थ, क्रमबद्ध तर्क-संगत वर्णन एवं व्याख्या से सम्बन्धित है'' यह परिभाषा 'रिचर्ड हार्टशोर्न' महोदय की है। ये एक प्रसिद्ध अमेरिकन भूगोलवेत्ता थे।
मनुष्य प्रकृति का बच्चा है यह कथन कुमारी सेम्पुल महोदय की है।

**47. सहारा रेगिस्तान के पूर्वी भाग में उत्तर-पूर्व तथा पूर्व दिशा से पश्चिम दिशा में चलने वाली गर्म तथा शुष्क हवा को कहते हैं**

(a) हरमट्टन (b) हबूब
(c) बाइस (d) गिबली

**Ans : (a)** हरमट्टन शुष्क एवं गर्म पवन है जो सहारा रेगिस्तान के पश्चिमी भाग में बहती है। इस पवन को डॉक्टर वायु भी कहते हैं। क्योंकि जब यह वायु सहारा रेगिस्तान से गिनी तट की ओर प्रवाहित होती है तो वहाँ के निवासियों को आर्द्र मौसम से राहत प्रदान करती है।

**48. पृथ्वी विद्युत्चुम्बकीय लघु तरंगों के माध्यम से ऊर्जा (सूर्याताप) प्राप्त करती है, जिसका विकीर्णन होता है**

(a) फोटोस्फीयर से (b) आयनोस्फीयर से
(c) ऐटमोस्फीयर से (d) ट्रोपोस्फीयर से

**GIC LT 2018**

**Ans : (a)** सूर्य की बाह्य सतह अर्थात् फोटोस्फीयर (प्रकाश) से ऊर्जा का विद्युत चुम्बकीय लघु विकिरण तरंगों के माध्यम से विकीर्णन होता है। सूर्य से उत्सर्जित विद्युत चुम्बकीय विकिरण तरंगें सूर्य के चारों तरफ निकलकर बाहर की ओर आरीय (रेडियल) रूप में सीधे मार्ग से चलकर पृथ्वी की सतह पर 8 मिनट 16.6 सेकेण्ड (लगभग 500 सेकेण्ड) में पहुँचती है। सूर्य का निर्माण चार प्रमुख मण्डलों से हुआ है। कोर, फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर तथा कोरोना सौर्यिक वायुमण्डल के सबसे बाहरी मण्डल को कोरोना कहते हैं। **सूर्य की बाहरी सतह का तापमान 6000 (K) केल्विन होता है।** सूर्य की बाह्य सतह की अत्यंत तापदीप्त (अत्यधिक ऊष्मा) के कारण चमकने वाली गैसें नीचे से गर्म होने पर ऊर्जा का उत्सर्जन करती हैं जिसे फोटॉन कहते हैं।

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

**कथन (A) :** बरखान का पवनोन्मुखी ढाल तीव्र होता है।
**तर्क (R) :** बरखान के शिखर पवन-दिशा को इंगित करते हैं।

**कोड :**
(a) दोनों (A) और (R) सही हैं (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) दोनों (A) तथा (R) सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**Ans : (d)** बरखान का पवनोंमुखी ढाल मन्द होता है जबकि पवनविमुखी ढाल तीव्र होता है तथा बरखान के शिखर पवन दिशा को इंगित करते हैं। बरखान पवनोन्मुखी ढाल उत्तल तथा पवनविमुखी ढाल का अवतल होता है तथा प्रचलित पवन तथा भंवर द्वारा बरखान का शीर्ष भाग पवन की दिशा में दो नुकीले सिरों में विभक्त हो जाता है। अतः (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**50. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (महासागरीय गर्त) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| (A) टोंगा | (i) दक्षिणी प्रशान्त |
| (B) चैलेंजर | (ii) उत्तरी अटलांटिक |
| (C) रोमांश | (iii) उत्तरी प्रशान्त |
| (D) नरेस | (iv) दक्षिणी अटलांटिक |

**कोड-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | iii | iv | ii |
| (b) | iv | iii | ii | i |
| (c) | i | iv | iii | ii |
| (d) | iv | i | ii | iii |

**Ans : (a)** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| महासागरीय गर्त | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| टोंगा | - | दक्षिणी प्रशान्त |
| चैलेंजर | - | उत्तरी प्रशान्त |
| रोमांश | - | दक्षिणी अटलांटिक |
| नरेस | - | उत्तरी अटलांटिक |

**51. किसका कथन है, ''संसाधन होते नहीं, बन जाते हैं''?**

(a) गोट्ज़ (b) आर. एन. ब्राउन
(c) आर. ई. मर्फ़ी (d) ई. ज़िम्मरमैन

**Ans : (d)** ''संसाधन होते नहीं, बन जाते हैं।'' यह कथन ई. जिम्मरमैन का हैं। मनुष्य अपने ज्ञान एवं प्राविधिकी से प्राकृतिक तत्वों को संसाधन में परिणित करता है। इसी कारण हर सभ्यता संस्कृति एवं देश काल की संसाधन तालिकायें एक दूसरे से भिन्न होती हैं अर्थात जिम्मरमैन का मानना था कि कोई वस्तु प्रकृति में उपस्थित भले ही है परन्तु जब तक हम उसका प्रयोग अपने फायदे के लिए नहीं करते हैं, तब तक इसे हमे संसाधन नहीं कह सकते हैं।

- उपयोग की निरन्तरता अथवा अनिरन्तरता पर आधारित संसाधन का वर्गीकरण निम्न है-

(1) नव्यकरणीय संसाधन – सौर ऊर्जा, वायु, जल, वन, वन्य प्राणी, मृदा, कृषि उपजों आदि।
(2) अनव्यकरणीय संसाधन–कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक, गैस, लौह अयस्क, तांबा, यूरेनियम आदि।

**52. निम्न में से किस देश की स्थानान्तरण कृषि को तमराई के नाम से जाना जाता है?**

(a) श्रीलंका (b) म्यांमार
(c) फिलिपीन्स (d) थाईलैण्ड

**Ans : (d)** थाईलैण्ड में स्थानान्तरणशील कृषि को 'तमराई' के नाम से जाना जाता है। प्रमुख स्थानान्तरणशील

| कृषि | | देश ( क्षेत्र ) |
|---|---|---|
| मिल्पा | - | मैक्सिको एवं मध्य अमेरिका |
| टावी (तावी) | - | मेडागास्कर |
| कैंगिन | - | फिलीपींस |
| लदांग | - | इंडोनेशिया एवं मलेशिया |
| रोका | - | ब्राजील |
| झूम | - | उत्तर पूर्वी भारत |
| चेन्ना | - | श्रीलंका |

53. **निम्न में से कौन-सा देश मक्का का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है?**
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) मेक्सिको
(c) ब्राज़ील (d) चीन

**Ans : (d)** चीन मक्का का दूसरा प्रमुख उत्पादक देश है। मक्का का सर्वाधिक उत्पादन (2020) क्रमशः सं.रा. अमेरिका, चीन, ब्राजील, अर्जेंटीना, यूक्रेन है।
- मक्का का जन्म स्थान मध्य अमेरिका में हुआ था। मक्के के लिए $21^0$ से $27^0C$ तापमान आवश्यक होता है। इसके लिए वर्षा 50सेमी. से 125 सेमी. तक उचित मानी जाती है तथा जल का जमाव हानिकारक माना जाता है। इसके लिए कम से कम 40 दिन पाला रहित मौसम रहना चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका प्रथम मक्का उत्पादक देश है।

54. **निम्नलिखित देशों में से कौन-सा अपने गेहूँ उत्पादन का लगभग दो-तिहाई निर्यात करता है?**
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) कनाडा
(c) अर्जेंटीना (d) जर्मनी

**Ans : (b)** गेहूँ मुख्यतः शीतोष्ण कटिबन्धीय फसल है परन्तु इसे उष्ण एवं उपोष्ण कटिबन्धीय क्षेत्रों में भी पैदा किया जाता है। कनाडा अपने गेहूँ उत्पादन का लगभग दो-तिहाई निर्यात करता है जबकि वर्तमान समय में गेहूँ निर्यात में प्रथम स्थान रूस का है तथा अमेरिका व कनाडा क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर हैं।

55. **जनसंख्या वृद्धि के लॉजिस्टिक वक्र सिद्धांत को प्रतिपादित किया था?**
(a) सैड्लर ने (b) डबलडे ने
(c) द-कैस्ट्रो ने (d) पर्ल रीड ने

**Ans : (d)** जनसंख्या वृद्धि के लॉजिस्टिक वक्र सिद्धान्त का प्रतिपादन पर्ल रीड ने किया था। इस सिद्धांन्त के अनुसार, जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की जाती है।

56. **निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी आंतरिक जलमार्गों के रूप में सबसे उपयुक्त है?**
(a) डेन्यूब (b) राइन
(c) वोल्गा (d) एल्ब

**Ans : (b)** राइन नदी आन्तरिक जलमार्गो के रूप में सबसे उपयुक्त है।
- राइन नदी विश्व का व्यस्ततम जलमार्ग है जिसके द्वारा कोयले का सर्वाधिक परिवहन किया जाता है परिणामस्वरूप इसे कोयला नदी भी कहते हैं।

57. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक खनन नगर का उदाहरण नहीं है?**
(a) कुर्स्क
(b) मैग्निटोगोर्स्क
(c) क्लीवलैण्ड
(d) तेहरान

**Ans : (d)** तेहरान ईरान की राजधानी तथा ईरान का प्रमुख औद्योगिक नगर है।
- यूराल प्रदेश में अवस्थित मैग्निटोगोर्स्क इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

58. **निम्नलिखित देशों में से किसमें एक परंपरागत अधिवास को 'काम्पुंग' के नाम से जाना जाता है?**
(a) इण्डोनेशिया
(b) म्यांमार
(c) मलेशिया
(d) थाईलैण्ड

**Ans : (c)** मलेशिया में परम्परागत अधिवास को काम्पुंग कहा जाता है।
- मलेशिया के मलय प्रायद्वीप पर अवस्थित किण्टा घाटी टिन भण्डार के लिए महत्वपूर्ण है इस घाटी में अवस्थित इपोहटिन उत्पादन का प्रमुख केन्द्र है।


59. **भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार नगरों को जनसंख्या के आकार के आधार पर कितने वर्गों में बाँटा गया है?**
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

**Ans : (c)** भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार नगरों को जनसंख्या के आकार के आधार पर 6 वर्गों में बाँटा गया है।

60. **अनेक परिवहन मार्गों के मिलन–स्थल पर निम्नलिखित में से किस अधिवास-प्रतिरूप का निर्माण होता है?**
(a) तारा-आकृति
(b) रेखीय
(c) गोलाकार
(d) आयताकार

**UPPSC LT Exam., 2018**

**Ans : (a)** तारा प्रतिरूप पर बसे गाँव पहले अरीय प्रतिरूप के होते हैं बाद में गाँव से बाहर जाने वाले मार्गों के साथ अधिक मकान बन जाते हैं, तो इस प्रकार गाँव का फैलाव मार्गों के साथ हो जाता है और गाँव तारे का रूप ग्रहण कर लेता है। अतः इसे **तारा या तारक प्रतिरूप** कहते हैं। तारा प्रतिरूप का विकास गाँव एवं नगरों दानों में पाया जाता है। उत्तर का विशाल मैदान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार के गाँव बड़ी संख्या में इसी प्रतिरूप पर बसे हैं।



अनेक परिवहन मार्गों के मिलन स्थल पर तारा आकृति अधिवास प्रतिरूप का निमार्ण होता है।